कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

कमांक : शिविरा–माध्य/छाप्रोप्र/ए/शालादर्पण/2019–20/494 दिनांक : 02.09.2021

समस्त
मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
एवं जिला परियोजना समन्वयक,
समग्र शिक्षा अभियान

विषयः– स्टेट स्कूल स्कॉलरशिप पोर्टल में समस्त प्रकार की पूर्व एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्तियों के ऑनलाईन भरे गए आवेदनों को प्रतिदिन संस्थाप्रधानों द्वारा लॉक/सबमिट करने के संबंध में।

प्रसंगः– इस कार्यालय के पत्र कमांक शिविरा–मा/छाप्रोप्र/ए/शालादर्पण/2019–20 दिनांक 15.07.2021, 30.07.2021 एवं 24.08.2021

.....

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राज्य में स्थित समस्त राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं से सत्र 2021–22 के लिए पूर्व एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं में ऑनलाईन आवेदन एवं अपडेशन की कार्यवाही संस्था प्रधान स्तर पर प्रक्रियाधीन है।

विभाग द्वारा जारी विज्ञिप्ति एवं विभागीय वेबसाईट पर दिए गए विस्तृत दिशानिर्देश के अनुसार स्टेट स्कूल स्कॉलरशिप पोर्टल में आवेदन एवं अपडेशन करने की अंतिम तिथि दिनांक 15.09.2021 के रात्रि 12.00 बजे तक निर्धारित की गई है। इस संबंध में आपको निर्देशित किया जाता है कि आपकी लॉगिन आईडी पर रिपोर्ट निकाल कर अवलोकन करें एवं न्यून प्रगति वाले समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान को समस्त पात्र विद्यार्थियों के आवेदन करवाने हेतु पाबन्द करें।

प्रभारी अधिकारी
छात्रवृत्ति एवं प्रोत्साहन प्रकोष्ठ
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1- समस्त संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा) को अपने अधीनस्थ मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा–मुख्यालय, ब्लॉक जिला शिक्षा अधिकारी एवं संस्था प्रधानों को समय पर शालादर्पण पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करवाने हेतु पाबन्द करते हुए प्रभावी मॉनिटरिंग करने हेतु।
2- समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी समग्र शिक्षा अभियान को निर्देशित किया जाता है कि आपकी लॉगिन आईडी पर समस्त प्रकार की छात्रवृत्ति से संबंधित सूचनाओं का अवलोकन कर अपने अधीनस्थ संस्था प्रधानों को समस्त पात्र विद्यार्थियों के आवेदन करवाने हेतु पाबन्द करें।
3- अनुभाग अधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वेवसाईट पर अपलोड करने बाबत।

प्रभारी अधिकारी छात्रवृत्ति
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर